**AMP-02**

Serial No. 53001

अंकों में

अपना अनुक्रमांक सामने बॉक्स के अंदर लिखें →

शब्दों में

कुल पृष्ठ : 32

प्रश्न-पुस्तिका शृंखला

**A**

## प्रश्न-पुस्तिका

**LAW**

https://www.freshersnow.com/previous-year-question-papers/

**विधि**

**समय : 1.30 घंटे** **प्रश्नों के उत्तर देने से पहले नीचे लिखे महत्त्वपूर्ण अनुदेशों को ध्यान से पढ़ लें ।** **पूर्णांक : 100**

## महत्त्वपूर्ण अनुदेश

1. प्रश्न-पुस्तिका के कवर पेज पर अथवा अन्दर कहीं भी कुछ न लिखें ।
2. **सभी** प्रश्नों के अंक समान हैं ।
3. यदि किसी प्रश्न में किसी प्रकार की कोई मुद्रण या तथ्यात्मक प्रकार की त्रुटि हो तो प्रश्न के अंग्रेजी तथा हिन्दी रूपान्तरों में से अंग्रेजी रूपान्तर को मानक माना जायेगा ।
4. **अभ्यर्थी अपने अनुक्रमांक, विषय एवं प्रश्न-पुस्तिका की सिरीज़ की कोडिंग सही-सही भरें अन्यथा उत्तर-पत्रक का मूल्यांकन नहीं किया जायेगा और उसकी जिम्मेदारी स्वयं अभ्यर्थी की होगी ।**
5. यदि आप रफ़ कार्य करना चाहते हैं, तो ऐसा प्रश्न-पुस्तिका पर अथवा उत्तर-पत्रक पर न करें । रफ़ कार्य के लिए आपको प्रश्न-पुस्तिका के साथ अलग से वर्किंग शीट दी जायेगी । यदि आपको अतिरिक्त वर्किंग शीट की आवश्यकता हो तो अन्तरीक्षक (इन्विजिलेटर) से माँग लें । वर्किंग शीट पर वांछित सूचना **अभी भर** लें ।
6. **इस प्रश्न-पुस्तिका में 100 आइटम्स (प्रश्न) हैं ।** प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर प्रश्न के नीचे दिये गये हैं । इन चारों में से केवल एक ही सही उत्तर है । जिस उत्तर को आप सही या सबसे उचित समझते हैं, उत्तर-पत्रक (आन्सर शीट) में उसके अक्षर वाले वृत्त को काले अथवा नीले बॉल प्वाइंट पेन से पूरा काला कर दें ।
7. सभी प्रश्नों (आइटमों) का उत्तर दिया जाना है और प्रत्येक प्रश्न (आइटम) के समान अंक हैं । आपके जितने उत्तर सही होंगे उन्हीं के अनुसार अंक दिये जायेंगे ।
8. इस प्रश्न पत्र में नकारात्मक मूल्यांकन पद्धति लागू होगी । जिसका ब्यौरा आपके प्रवेश पत्र में भी अंकित है ।
9. अपने उत्तर आपको अलग से दिये गये उत्तर-पत्रक में अंकित करने हैं । आपको अपने सभी उत्तर केवल उत्तर-पत्रक पर ही देने हैं । उत्तर-पत्रक के अतिरिक्त अन्य कहीं पर दिया गया उत्तर मान्य नहीं होगा ।
10. उत्तर-पत्रक पर कुछ लिखने के पूर्व उसमें दिये गये सभी अनुदेशों को सावधानीपूर्वक पढ़ लें । जो सूचनायें उसमें वांछित हों उन्हें **अभी भर** लें ।
11. जब टेस्ट पूरा कर लें तो अन्तरीक्षक को उत्तर-पत्रक वापस लौटा दें ।
12. यदि आपने इन अनुदेशों को पढ़ लिया है, इस पृष्ठ पर अपना अनुक्रमांक अंकित कर दिया है और उत्तर-पत्रक पर तथा वर्किंग शीट पर वांछित सूचनायें भर दी हैं, तो तब तक इन्तजार करें जब तक आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने को नहीं कहा जाता ।

**जब तक न कहा जाय इस प्रश्न-पुस्तिका को न खोलें ।**

**महत्त्वपूर्ण : प्रश्न-पुस्तिका खोलने पर तुरन्त जाँच कर देख लें कि प्रश्न-पुस्तिका के सभी पृष्ठ भली-भाँति छपे हुए हैं । यदि प्रश्न-पुस्तिका में कोई कमी हो, तो अन्तरीक्षक को दिखाकर उसी सिरीज़ की दूसरी प्रश्न-पुस्तिका प्राप्त कर लें ।**

# LAW

1. The distinction between culpable homicide and murder as defined in I.P.C. was pointed out in the decision of
   (a) R. V Beard
   (b) R. V Tolson
   (c) R. V Govinda
   (d) R. V Prince

2. The maxim "de minimis non curat lex" is related to which of the following Sections of the I.P.C. ?
   (a) Section 95
   (b) Section 89
   (c) Section 94
   (d) Section 93

3. Attempt to commit culpable homicide is provided in Indian Penal Code under
   (a) Section 305
   (b) Section 306
   (c) Section 307
   (d) Section 308

4. Against which of the following offences right of private defence of body does not extend to the causing of death ?
   (a) Rape
   (b) Gratifying unnatural lust
   (c) Causing miscarriage
   (d) Kidnapping

5. Which one of the following is presumed under law to be 'doli incapax' to commit a crime ?
   (a) A child of under 7 years of age.
   (b) A child of under 10 years of age.
   (c) A child above 7 years and under 12 years of age.
   (d) A child between 10 years and 14 years of age.

6. There were verbal exchanges between the husband 'A' and wife 'B'. A fell the wife, sat on her chest with a knife in his hand. On her cries her sister and mother working nearby in the same field ran to her rescue. B snatched the knife and inflicted wounds of which A died. Choose the correct answer given below :
   (a) B has committed offence of murder of A.
   (b) B has acted in her right of self defence.
   (c) B has committed offence of culpable homicide.
   (d) B, her sister and mother all has committed offence of murder of A.

# विधि

1. भारतीय दण्ड संहिता में परिभाषित आपराधिक मानववध और हत्या के मध्य अन्तर निम्नलिखित निर्णय में बताया गया है :

   (a) आर. बनाम बीयर्ड  (b) आर. बनाम टाल्सन

   (c) आर. बनाम गोविन्दा  (d) आर. बनाम प्रिंस

2. 'डी मिनिमिस नॉन कुरेट लेक्स' का सिद्धान्त भारतीय दण्ड संहिता के निम्नलिखित किस धारा से सम्बन्धित है ?

   (a) धारा 95  (b) धारा 89

   (c) धारा 94  (d) धारा 93

3. भारतीय दण्ड संहिता में निम्नलिखित धारा में आपराधिक मानववध करने के प्रयत्न का उपबन्ध है

   (a) धारा 305  (b) धारा 306

   (c) धारा 307  (d) धारा 308

4. निम्नलिखित में से किस अपराध के विरुद्ध शरीर की निजी प्रतिरक्षा का अधिकार मृत्यु कारित करने तक विस्तृत नहीं है ?

   (a) बलात्संग  (b) प्रकृति विरुद्ध कामतृष्णा की तृप्ति

   (c) गर्भपात कारित करना  (d) व्यपहरण

5. निम्नलिखित में से कौन विधि की उपधारणा के अधीन अपराध करने में अक्षम (doli incapax) होता है ?

   (a) 7 वर्ष से कम आयु का कोई बच्चा

   (b) 10 वर्ष से कम आयु का कोई बच्चा

   (c) 7 वर्ष से अधिक तथा 12 वर्ष से कम आयु का कोई बच्चा

   (d) 10 वर्ष तथा 14 वर्ष के मध्य आयु का बच्चा

6. क (पति) और ख (पत्नी) के बीच जबानी गहमा-गहमी हुई । क ने पत्नी को पटक दिया और अपने हाथ में एक चाकू लेकर उसके सीने पर बैठ गया । उसके शोर मचाने पर उसकी बहन और माँ, जो पास में ही उसी खेत में काम कर रही थीं, उसे बचाने दौड़ पड़ीं । ख ने चाकू छीन लिया और क को जख्मी कर दिया, जिससे उसकी मृत्यु हो गयी । निम्नलिखित में से सही उत्तर चुनिए :

   (a) ख ने क की हत्या का अपराध कारित किया है ।

   (b) ख ने अपने स्वयं प्रतिरक्षा का कार्य किया है ।

   (c) ख ने आपराधिक मानव वध का अपराध किया है ।

   (d) ख, उसकी बहन और माँ सभी ने क की हत्या का अपराध किया है ।

7. 'A' is at work with proper caution with a hatchet. The head flies off and kills a man who is standing by. 'A' is guilty of the offence of

(a) Murder

(b) Attempt to murder

(c) Culpable homicide not amounting to murder

(d) None of the above

8. Imputations, assertions prejudicial to national integration have been provided under which of the following Sections of the Indian Penal Code ?

(a) Section 154 (b) Section 153 A

(c) Section 153 B (d) None of the above

9. 'A', a police officer, tortures 'B' in order to induce 'B' to confess that he committed a crime. Under which Section of I.P.C. the police officer is guilty of an offence ?

(a) Section 325 (b) Section 326

(c) Section 328 (d) Section 330

10. 'A' threatens to set a savage dog at 'Z', if 'Z' goes along a path which 'Z' has a right to go. In this case 'A' commits

(a) No offence (b) Offence of hurt

(c) Wrongful restraint (d) Wrongful confinement

11. 'A' forcibly carries or entices 'B' away from his home in order that 'B' may be murdered. 'A' has committed the offence in Indian Penal Code under

(a) Section 362 (b) Section 364

(c) Section 365 (d) Section 367

12. Which of the following Section of the Indian Penal Code is related to 'dowry death' ?

(a) Section 304 (b) Section 304-B

(c) Section 113-A (d) Section 113-B

13. In which of the following Provision of the Indian Penal Code 'forgery' is defined ?

(a) Section 460 (b) Section 461

(c) Section 462 (d) Section 463

7. 'क' एक कुल्हाड़ी से उचित सावधानी से कार्य कर रहा है । कुल्हाड़ी का फल उसमें से निकलकर उछट जाता है और निकट खड़ा हुआ व्यक्ति उससे मारा जाता है । 'क' निम्न अपराध कारित करने का दोषी है :

(a) हत्या

(b) हत्या का प्रयत्न

(c) हत्या की कोटि में नहीं आने वाला मानव वध

(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

8. राष्ट्रीय अखण्डता पर प्रतिकूल प्रभाव डालने वाले लांछन, प्राख्यान का उपबन्ध भारतीय दण्ड संहिता के निम्नलिखित किस धारा में किया गया है ?

(a) धारा 154
(b) धारा 153 क
(c) धारा 153 ख
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं ।

9. 'क', एक पुलिस अधिकारी, 'ख' को यह संस्वीकृति कि उसने एक अपराध कारित किया है, प्रदान करने के उद्देश्य से प्रताड़ित करता है । उसने भारतीय दण्ड संहिता की किस धारा के अन्तर्गत अपराध कारित किया है ?

(a) धारा 325
(b) धारा 326
(c) धारा 328
(d) धारा 330

10. 'क', 'य' को धमकी देता है कि यदि 'य' उस मार्ग से जाता है जिसमें होकर जाने का 'य' का अधिकार है, तो वह 'य' पर एक कटखना कुत्ता छोड़ देगा । इस मामले में 'क' कारित करता है

(a) कोई अपराध नहीं
(b) उपहति
(c) सदोष अवरोध
(d) सदोष परिरोध

11. 'क', 'ख' को उसके गृह से इसलिये बलपूर्वक या बहकाकर ले जाता है कि 'ख' की हत्या की जा सके । 'क' ने भारतीय दण्ड संहिता के किस उपबन्ध के अधीन अपराध कारित किया है ?

(a) धारा 362
(b) धारा 364
(c) धारा 365
(d) धारा 367

12. भारतीय दण्ड संहिता की निम्नलिखित कौन सी धारा 'दहेज मृत्यु' से सम्बन्धित है ?

(a) धारा 304
(b) धारा 304-ख
(c) धारा 113-क
(d) धारा 113-ख

13. भारतीय दण्ड संहिता के निम्नलिखित किस उपबन्ध के अन्तर्गत 'कूटरचना' की परिभाषा दी गयी है ?

(a) धारा 460
(b) धारा 461
(c) धारा 462
(d) धारा 463

14. Which one of the following defences is related to Mc'Naghten's Case (1843) ?

(a) Infancy
(b) Insanity
(c) Intoxication
(d) Consent

15. The abetment of an abetment is an offence in Indian Penal Code under

(a) Section 107
(b) Section 108
(c) Section 109
(d) Section 110

16. 'A' commits sexual intercourse with his own wife aged under 15 years with her consent. 'A' is guilty of

(a) No offence
(b) Rape
(c) Assault
(d) Use of criminal force

17. In which of the following Section of the Indian Penal Code, the provision relating to intercourse by public servant with woman in his custody is given ?

(a) Section 376-A
(b) Section 376-C
(c) Section 376-B
(d) Section 376

18. Which one of the following offences cannot be committed at a private place ?

(a) Murder
(b) Riot
(c) Assault
(d) Affray

19. With whom the offence of adultery may be committed under the Indian Penal Code ?

(a) Married woman
(b) Unmarried woman
(c) Both (a) and (b) above
(d) None of the above

20. The term 'thug' has been defined in which of the following Sections of the Indian Penal Code ?

(a) Section 306
(b) Section 307
(c) Section 310
(d) Section 311

21. The case of K.M. Nanawati Vs. State of Maharashtra is related to

(a) Theft
(b) Dacoity
(c) Abetment
(d) Grave and sudden provocation

14. निम्न बचावों में से कौन सा मैकनॉटन के वाद (1843) से सम्बन्धित है ?

(a) बाल्यावस्था
(b) पागलपन (उन्मत्तता)
(c) मत्तता
(d) सम्मति

15. भारतीय दण्ड संहिता में किस उपबन्ध के अन्तर्गत दुष्प्रेरण के लिये दुष्प्रेरण एक अपराध है ?

(a) धारा 107
(b) धारा 108
(c) धारा 109
(d) धारा 110

16. 'क' अपनी पत्नी, जिसकी आयु 15 वर्ष से कम है, के साथ उसकी सम्मति से मैथुन करता है । 'क' दोषी है

(a) किसी अपराध का नहीं
(b) बलात्संग का
(c) हमला करने का
(d) आपराधिक बल प्रयोग करने का

17. लोक सेवक द्वारा अपनी अभिरक्षा में किसी स्त्री के साथ सम्भोग सम्बन्धी उपबन्ध भारतीय दण्ड संहिता की किस धारा में किया गया है ?

(a) धारा 376-क
(b) धारा 376-ग
(c) धारा 376-ख
(d) धारा 376

18. निम्नलिखित में से कौन सा अपराध प्राइवेट स्थान पर नहीं किया जा सकता है ?

(a) हत्या
(b) बलवा
(c) हमला
(d) दंगा

19. भारतीय दण्ड संहिता के अधीन 'जारकर्म' का अपराध किसके साथ किया जा सकता है ?

(a) विवाहिता स्त्री के साथ
(b) अविवाहिता स्त्री के साथ
(c) उपर्युक्त (a) तथा (b) दोनों
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

20. शब्द 'ठग' को भारतीय दण्ड संहिता के निम्नलिखित में से किस धारा में परिभाषित किया गया है ?

(a) धारा 306
(b) धारा 307
(c) धारा 310
(d) धारा 311

21. के.एम. नानावती बनाम महाराष्ट्र राज्य का वाद सम्बन्धित है

(a) चोरी से
(b) डकैती से
(c) दुष्प्रेरण से
(d) गम्भीर और अचानक प्रकोपन से

22. 'A' spits over 'B' which caused annoyance to 'B'. In this case 'A' is guilty of

(a) Hurt
(b) Assault
(c) Using criminal force
(d) Both (b) and (c) above

23. Point out the case where actual commission of an offence cannot be punished.

(a) Theft
(b) Attempt to theft
(c) Suicide
(d) None of the above

24. Under Indian Penal Code, in robbery there is

(a) Theft and dacoity
(b) Extortion and dacoity
(c) Neither theft nor extortion
(d) Either theft or extortion

25. Under which one of the following Sections of Indian Penal Code, the principle of 'joint criminal liability' is applicable ?

(a) Section 36
(b) Section 39
(c) Section 34
(d) Section 40

26. How many kinds of hurt are designated as 'grievous hurt' under Section 320, I.P.C. ?

(a) Five
(b) Six
(c) Seven
(d) Eight

27. Which Section of IPC defines criminal conspiracy ?

(a) Section 120 A
(b) Section 120 B
(c) Section 121
(d) Section 121 A

28. 'A' makes an attempt to steal some jewels by breaking open a box and finds after so opening the box, that there is no jewel in it. What is the offence of 'A' ?

(a) Theft
(b) Attempt to commit theft
(c) Robbery
(d) No offence

29. Section 387 I.P.C. relates to

(a) Extortion by putting a person in fear of death.
(b) Putting person in fear of death or of grievous hurt in order to commit extortion.
(c) Extortion by threat of accusation of an offence punishable with death or imprisonment for life etc.
(d) None of the above

22. 'क', 'ख' के ऊपर थूकता है जिसके कारण 'ख' को क्षोभ होता है । इस मामले में 'क' दोषी है

(a) उपहति का
(b) हमला का
(c) आपराधिक बल प्रयोग करने का
(d) उपर्युक्त (b) तथा (c) दोनों

23. उस मामले को इंगित कीजिये जिसमें वास्तविक अपराध कारित किये जाने पर दण्ड नहीं दिया जा सकता है ।

(a) चोरी
(b) चोरी का प्रयत्न
(c) आत्महत्या
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

24. भारतीय दण्ड संहिता के अधीन, 'लूट' में होता है

(a) चोरी और डकैती
(b) उद्दापन और डकैती
(c) न तो चोरी और न ही उद्दापन
(d) या तो चोरी या उद्दापन

25. भारतीय दण्ड संहिता के अधोलिखित धाराओं में से किस धारा के अन्तर्गत 'संयुक्त आपराधिक दायित्व' का सिद्धान्त लागू होता है ?

(a) धारा 36
(b) धारा 39
(c) धारा 34
(d) धारा 40

26. भा.दं.सं. की धारा 320 के अन्तर्गत कितने किस्म की उपहति को 'घोर उपहति' की श्रेणी में रखा गया है ?

(a) पाँच
(b) छह
(c) सात
(d) आठ

27. भा.दं.सं. की किस धारा में आपराधिक षड्यंत्र को परिभाषित किया गया है ?

(a) धारा 120 क
(b) धारा 120 ख
(c) धारा 121
(d) धारा 121 क

28. 'क' एक सन्दूक तोड़कर खोलता है और उसमें से कुछ आभूषण चुराने का प्रयत्न करता है । सन्दूक इस प्रकार खोलने के पश्चात उसे ज्ञात होता है कि उसमें कोई आभूषण नहीं है । 'क' ने निम्नलिखित में से कौन सा अपराध किया है ?

(a) चोरी का
(b) चोरी के प्रयास का
(c) लूट का
(d) कोई अपराध नहीं

29. भा.दं.सं. की धारा 387 का संबंध है

(a) किसी व्यक्ति को मृत्यु के भय में डालकर उद्दापन ।
(b) उद्दापन करने के लिए किसी व्यक्ति को मृत्यु या घोर उपहति के भय में डालना ।
(c) मृत्यु या आजीवन कारावास आदि से दंडनीय अपराध का अभियोग लगाने की धमकी दे कर उद्दापन ।
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं ।

**30.** A, finds a rupee on the highway not knowing to whom the rupee belongs. A picks up the rupee. A, has committed the offence of

(a) Dishonest appropriation of property

(b) Theft

(c) Dishonestly receiving stolen property

(d) None of the above

**31.** Z, under the influence of madness attempts to kill A. In this case which of the following is correct ?

(a) Z is guilty of attempt to murder, but A has right of private defence.

(b) Z is guilty of no offence, but A has the right of private defence.

(c) Z is guilty of no offence, but A has no right of private defence.

(d) None of the above is correct.

**32.** The maxim ignorantia jun's non excusat

(a) does not apply to criminal offences.

(b) admits exceptions.

(c) admits exception only in case of a foreigner who cannot reasonably be supposed to know the law of the land.

(d) admits no exception.

**33.** Which in the following is <u>not</u> inchoate crime ?

(a) Attempt (b) Criminal conspiracy

(c) Abetment (d) Kidnapping

**34.** A, a school teacher for the purposes of enforcing discipline inflicts moderate punishment upon a student aged about 11 years. In this case

(a) A is entitled to claim defence under Section 89 of I.P.C.

(b) A is guilty of causing simple hurt.

(c) A is guilty of using criminal force.

(d) A is entitled to claim defence under Section 88 of I.P.C.

**30.** क को राजमार्ग पर एक रुपया पड़ा मिलता है । यह न जानते हुए कि वह रुपया किसका है, उस रुपए को उठा लेता है । क ने अपराध कारित किया है

(a) सम्पत्ति का बेईमानी से दुर्विनियोग

(b) चोरी

(c) चुराई हुई संपत्ति को बेईमानी से प्राप्त करना

(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

**31.** य, पागलपन के असर में, क को जान से मारने का प्रयत्न करता है । इस मामले में निम्नलिखित में से कौन सही है ?

(a) य हत्या के प्रयास का दोषी है, लेकिन क प्राइवेट प्रतिरक्षा का अधिकार रखता है ।

(b) य किसी अपराध का दोषी नहीं है, लेकिन क प्राइवेट प्रतिरक्षा का अधिकार रखता है ।

(c) य किसी अपराध का दोषी नहीं है, परन्तु क को प्राइवेट प्रतिरक्षा का अधिकार नहीं है ।

(d) उपरोक्त में कोई सही नहीं है ।

**32.** 'विधि की अनभिज्ञता प्रति हेतु नहीं है' सूत्र

(a) दांडिक अपराधों पर लागू नहीं होता है ।

(b) अपवाद ग्रहण करता है ।

(c) केवल किसी विदेशी के मामले में जिसके बारे में युक्तियुक्त रूप में यह धारणा नहीं की जा सकती है कि वह देश के कानून को जानता था – अपवाद ग्रहण करता है ।

(d) कोई अपवाद ग्रहण नहीं करता है ।

**33.** निम्नलिखित में से कौन अपूर्ण अपराध <u>नहीं</u> है ?

(a) प्रयत्न

(b) आपराधिक षड्यंत्र

(c) दुष्प्रेरण

(d) व्यपहरण

**34.** क एक विद्यालय का अध्यापक अनुशासन लागू करने के लिए एक विद्यार्थी, जिसकी आयु लगभग 11 वर्ष है, को मामूली सजा देता है । इस मामले में

(a) क धारा 89 भा.दं.सं. के अधीन बचाव का दावा कर सकता है ।

(b) क साधारण उपहति कारित करने का दोषी है ।

(c) क आपराधिक बल प्रयोग का दोषी है ।

(d) क भा.दं.सं. की धारा 88 के अधीन बचाव का दावा कर सकता है ।

**35.** A, knows Z to be behind a bush, B does not know it, A intending to cause or knowing it to be likely to cause Z's death, induced to B to fire at the bush. B, fires and killed Z. In this case what would be the offence of A and B ?

(a) B is not guilty of any offence, but A has committed the offence of murder.

(b) B is guilty of culpable homicide and A has committed the offence of murder.

(c) B is not guilty of any offence, but A has committed the offence of culpable homicide.

(d) B and A both have not committed any offence.

**36.** 'A' says to 'B' that he has finished his wife forever. Under Indian Evidence Act this statement amounts to

(a) admission (b) confession

(c) statement (d) all the above

**37.** Which one of the following Sections of Indian Evidence Act deals with relevancy of opinion as to digital signature ?

(a) Section 48 A (b) Section 46 A

(c) Section 49 A (d) Section 47 A

**38.** Facts which form part of the same transaction are relevant under which Section of Evidence Act ?

(a) Section 6 (b) Section 7

(c) Section 5 (d) Section 9

**39.** Tape recorded statements are

(a) Documentary evidence (b) Oral evidence

(c) Both (a) and (b) (d) None of the above

**40.** Confession made by a person in police custody shall not be proved as against such person under which Section of the Evidence Act ?

(a) Section 25 (b) Section 26

(c) Section 27 (d) Section 28

**41.** Queen Empress V. Abdullah is a leading case on

(a) admission (b) confession

(c) statement (d) dying declaration

**35.** क यह जानता है कि य एक झाड़ी के पीछे है, ख यह नहीं जानता है; य की मृत्यु करने के आशय से या यह जानते हुए कि इससे य की मृत्यु कारित होना संभाव्य है, ख को उस झाड़ी पर गोली चलाने के लिए उत्प्रेरित करता है । ख गोली चलाता है और य को मार डालता है । इस मामले में क और ख का क्या अपराध होगा ?

(a) ख किसी अपराध के लिए दोषी नहीं है, किन्तु क ने हत्या की है ।

(b) ख सदोष मानव वध का दोषी है और क ने हत्या का अपराध किया है ।

(c) ख किसी अपराध का दोषी नहीं है, किन्तु क ने सदोष मानव वध का अपराध किया है ।

(d) ख और क दोनों ने कोई अपराध नहीं किया है ।

**36.** 'क' एक व्यक्ति 'ख' से कहता है कि उसने अपनी पत्नी को सदा के लिए समाप्त कर दिया है । भारतीय साक्ष्य अधिनियम के अन्तर्गत यह कथन माना जाएगा :

(a) स्वीकृति
(b) संस्वीकृति
(c) कथन
(d) उपर्युक्त सभी

**37.** निम्नलिखित में से भारतीय साक्ष्य अधिनियम की कौन सी धारा आंकिक हस्ताक्षर के सुसंगति से सम्बन्धित है ?

(a) धारा 48 क
(b) धारा 46 क
(c) धारा 49 क
(d) धारा 47 क

**38.** जो तथ्य एक संव्यवहार के भाग हैं, ये साक्ष्य अधिनियम की किस धारा के अन्तर्गत सुसंगत हैं ?

(a) धारा 6
(b) धारा 7
(c) धारा 5
(d) धारा 9

**39.** टेप रिकार्ड किया गया कथन

(a) दस्तावेजी साक्ष्य है ।
(b) मौखिक साक्ष्य है ।
(c) (a) तथा (b) दोनों है ।
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं है ।

**40.** साक्ष्य अधिनियम की किस धारा में पुलिस अभिरक्षा में किसी व्यक्ति द्वारा अपराध की संस्वीकृति उसके विरुद्ध साबित नहीं किया जा सकता ?

(a) धारा 25
(b) धारा 26
(c) धारा 27
(d) धारा 28

**41.** क्वीन इम्प्रेस बनाम अब्दुल्ला एक अग्र निर्णय है

(a) स्वीकृति
(b) संस्वीकृति
(c) कथन
(d) मृत्युकालिक कथन

42. How many Sections and Chapters are there in Indian Evidence Act ?

(a) 164 Sections and 10 Chapters (b) 167 Sections and 10 Chapters

(c) 167 Sections and 11 Chapters (d) 167 Sections and 9 Chapters

43. Under Section 8 of the Evidence Act, which of the following is relevant ?

(a) Motive (b) Preparation

(c) Conduct (d) All the above

44. Admissibility of electronic records is prescribed under

(a) Section 65 A (b) Section 65 B

(c) Section 65 (d) Section 66

45. Death may be presumed, if it is proved that one has not been heared of for

(a) 10 years (b) 20 years

(c) 12 years (d) 7 years

46. The question is, whether a certain document was written by A. In this case which of the following is/are relevant ?

(a) Another document is produced which is written by A.

(b) The opinions of experts on the question whether the two documents were written by A.

(c) The opinions of experts on the question whether the two documents were written by different persons.

(d) Both (b) and (c).

47. Which Section of the Indian Evidence Act makes the Provision that there shall be no new trial on the ground of improper admission or rejection of evidence ?

(a) Section 166 (b) Section 165

(c) Section 167 (d) Section 161

48. Evidence of an accomplice is relevant

(a) Under Section 133 (b) Under Section 124

(c) Under Section 134 (d) Under Section 167

**42.** भारतीय साक्ष्य अधिनियम में कितने अध्याय एवं धारायें हैं ?

(a) 164 धारायें एवं 10 अध्याय
(b) 167 धारायें एवं 10 अध्याय
(c) 167 धारायें एवं 11 अध्याय
(d) 167 धारायें एवं 9 अध्याय

**43.** साक्ष्य अधिनियम की धारा 8 के अन्तर्गत निम्न में से क्या सुसंगत है ?

(a) हेतु
(b) तैयारी
(c) आचरण
(d) उपर्युक्त सभी

**44.** इलेक्ट्रॉनिक अभिलेखों की ग्राह्यता का उल्लेख किया गया है

(a) धारा 65 क में
(b) धारा 65 ख में
(c) धारा 65 में
(d) धारा 66 में

**45.** किसी व्यक्ति के मृत्यु की उपधारणा की जा सकती है, यदि उसके बारे में सुना नहीं गया है

(a) 10 वर्ष से
(b) 20 वर्ष से
(c) 12 वर्ष से
(d) 7 वर्ष से

**46.** प्रश्न यह है कि क्या अमुक दस्तावेज क द्वारा लिखी गई है । इस मामले में निम्नलिखित में से कौन सुसंगत है ?

(a) क के द्वारा लिखी गई एक अन्य दस्तावेज पेश की जाती है ।
(b) इस प्रश्न पर विशेषज्ञों की रायें कि दोनों दस्तावेजें एक ही व्यक्ति क द्वारा लिखी गई है ।
(c) इस प्रश्न पर विशेषज्ञों की रायें कि दोनों दस्तावेजें विभिन्न व्यक्तियों द्वारा लिखी गई हैं ।
(d) (b) तथा (c) दोनों

**47.** भारतीय साक्ष्य अधिनियम की कौन सी धारा यह उपबंध करती है कि साक्ष्य के अनुचित ग्रहण या अग्रहण के आधार पर कोई नवीन विचारण नहीं होगा ?

(a) धारा 166
(b) धारा 165
(c) धारा 167
(d) धारा 161

**48.** एक सहअपराधी का साक्ष्य सुसंगत है

(a) धारा 133 के अन्तर्गत
(b) धारा 124 के अन्तर्गत
(c) धारा 134 के अन्तर्गत
(d) धारा 167 के अन्तर्गत

49. What is the definition of 'not proved' in the Indian Evidence Act ?

(a) A fact is said not to be proved when it is not proved.

(b) A fact is said not to be proved when it is not disproved.

(c) A fact is said not to be proved when it is neither proved nor disproved.

(d) None of the above.

50. Leading questions may be asked in

(a) examination-in-chief (b) cross-examination

(c) re-examination (d) all the above

51. Anything, state of things or relation of things, capable of being perceived by the senses, is

(a) an evidence (b) fact

(c) facts in issue (d) none of the above

52. The principle of estoppel is given under which of the following Sections of the Indian Evidence Act ?

(a) Section 115 (b) Section 114

(c) Section 114 A (d) None of the above

53. Dagdu V. State of Maharashtra is related with

(a) Accomplice (b) Burden of proof

(c) Res-gestae (d) Hostile witness

54. The object of cross-examination is to examine

(a) the intelligence of the witness

(b) impartiality of the witness

(c) reliability of the witness

(d) good behaviour of the witness

55. Which Provision of the Indian Evidence Act deals with dying declaration ?

(a) Section 32(4) (b) Section 32(1)

(c) Section 125 (d) Section 131

49. भारतीय साक्ष्य अधिनियम में "साबित नहीं हुआ" की क्या परिभाषा है ?

(a) कोई तथ्य साबित नहीं हुआ कहा जाता है, जब यह साबित नहीं किया गया है ।

(b) कोई तथ्य साबित नहीं हुआ कहा जाता है, जब यह नासाबित नहीं किया गया है ।

(c) कोई तथ्य साबित नहीं हुआ कहा जाता है, जब यह न तो साबित किया गया हो और न नासाबित ।

(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं ।

50. सूचक प्रश्न पूछा जा सकता है

(a) मुख्य परीक्षा में (b) प्रतिपरीक्षा में

(c) पुन: परीक्षा में (d) उपर्युक्त सभी में

51. ऐसी कोई वस्तु, वस्तुओं की अवस्था या वस्तुओं का सम्बन्ध जो इन्द्रियों द्वारा बोधगम्य हो

(a) एक साक्ष्य है । (b) तथ्य है ।

(c) विवाद्यक तथ्य है । (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं ।

52. विबन्ध का सिद्धान्त साक्ष्यविधि की निम्नलिखित किस धारा में दिया गया है ?

(a) धारा 115 (b) धारा 114

(c) धारा 114 A (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

53. डगडू बनाम महाराष्ट्र राज्य सम्बन्धित है

(a) सहअपराधी से (b) सबूत का भार से

(c) रेस-जेस्टे से (d) पक्षद्रोही साक्षी से

54. प्रतिपरीक्षा का उद्देश्य है

(a) साक्षी की बुद्धिमत्ता की जाँच से ।

(b) साक्षी की निष्पक्षता की जाँच से ।

(c) साक्षी की विश्वसनीयता की जाँच से ।

(d) साक्षी के सदाचार की जाँच से ।

55. मृत्युकालिक घोषणा का प्रावधान भारतीय साक्ष्य अधिनियम की किस धारा में दिया गया है ?

(a) धारा 32(4) (b) धारा 32 (1)

(c) धारा 125 (d) धारा 131

56. Things said or done by a conspirator in reference to common design is relevant fact under which Section of the Evidence Act ?

(a) Section 11
(b) Section 13
(c) Section 10
(d) Section 12

57. Indian Evidence Act came into force on

(a) 1st September, 1872
(b) 1st January, 1872
(c) 9th September, 1872
(d) 9th January, 1872

58. Which one of the following is a leading case on entries in books of account when relevant ?

(a) R.V. Govinda
(b) Pakla Narayan Swamy V. King Emperor
(c) Moti Singh V. State of U.P.
(d) L.K. Advani V. C.B.I.

59. Which one of the following is a leading case on confession to persons in authority ?

(a) Ramesh Chandra Mehta V. State of W.B.
(b) Pyare Lal Bhargawa V. State of Rajasthan
(c) Queen Empress V. Babu Lal
(d) Sita Ram V. State

60. Who among the following is <u>not</u> an accomplice ?

(a) Trap witness
(b) A raped girl
(c) An eye witness to a murder
(d) All the above

61. Under which one of the following Sections of the Criminal Procedure Code, 1973 a police officer can arrest a person without an order from a Magistrate and without warrant ?

(a) Section 40
(b) Section 51
(c) Section 42
(d) Section 41

62. Under which one of the following Sections of Criminal Procedure Code, 1973 an accused person can himself be a competent witness ?

(a) Section 315
(b) Section 313
(c) Section 300
(d) Section 317

56. साक्ष्य अधिनियम के अन्तर्गत सामान्य परिकल्पना के बारे में षड्यंत्रकारी द्वारा कही या की गई बातें किस धारा के अन्तर्गत सुसंगत तथ्य हैं ?

(a) धारा 11
(b) धारा 13
(c) धारा 10
(d) धारा 12

57. भारतीय साक्ष्य अधिनियम प्रवर्तन में आया

(a) 1 सितम्बर, 1872 को ।
(b) 1 जनवरी, 1872 को ।
(c) 9 सितम्बर, 1872 को
(d) 9 जनवरी, 1872 को ।

58. निम्नलिखित में कौन सा अग्र निर्णय लेखा पुस्तकों की प्रविष्टियाँ कब सुसंगत हैं, से सम्बन्धित है ?

(a) आर बनाम गोविन्दा
(b) पकला नारायण स्वामी बनाम किंग इम्परर
(c) मोतीसिंह बनाम उत्तर प्रदेश राज्य
(d) एल.के. अडवानी बनाम सी.बी.आई.

59. निम्नलिखित में कौन सा अग्र निर्णय प्राधिकारवान व्यक्ति के समक्ष संस्वीकृति से सम्बन्धित है ?

(a) रमेशचन्द्र मेहता बनाम पश्चिम बंगाल राज्य
(b) प्यारेलाल भार्गव बनाम राजस्थान राज्य
(c) क्वीन इम्प्रेस बनाम बाबूलाल
(d) सीताराम बनाम राज्य

60. निम्नलिखित में कौन सहअपराधी <u>नहीं</u> है ?

(a) पाश (ट्रैप) साक्षी ।
(b) एक लड़की जिसका बलात्कार हुआ है ।
(c) हत्या का प्रत्यक्षदर्शी साक्षी ।
(d) उपर्युक्त सभी ।

61. दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 की निम्न धाराओं में से किस धारा के अधीन एक पुलिस अधिकारी मजिस्ट्रेट के आदेश के बिना और वारंट के बिना किसी व्यक्ति को गिरफ्तार कर सकता है ?

(a) धारा 40
(b) धारा 51
(c) धारा 42
(d) धारा 41

62. दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 की निम्न धाराओं में से किस धारा के अधीन एक अभियुक्त व्यक्ति स्वयं सक्षम साक्षी हो सकता है ?

(a) धारा 315 में
(b) धारा 313 में
(c) धारा 300 में
(d) धारा 317 में

63. Which one of the following Sections of Criminal Procedure Code, 1973 provides that "no statement made by any person to a Police Officer in the course of investigation shall, if reduced in writing, be signed by the person making it" ?

(a) Section 164 (b) Section 163

(c) Section 162 (d) Section 161

64. Under which one of the following Sections of Criminal Procedure Code, 1973 armed forces can be used to disperse assembly for maintaining of public security ?

(a) Section 132 (b) Section 131

(c) Section 129 (d) Section 130

65. Under which Section of the following of Criminal Procedure Code, 1973 the accused shall be supplied the copy of police report and other documents by the Magistrate ?

(a) Section 205 (b) Section 209

(c) Section 207 (d) Section 208

66. An Assistant Session Judge is appointed by

(a) State Government (b) State Public Service Commission

(c) Session Judge (d) High Court of the concerned State

67. Under Criminal Procedure Code, 1973 the nature of non-cognizable offence is

(a) bailable and simple (b) bailable and grave

(c) only of grave nature (d) all the above

68. Under which one of the following Sections of Criminal Procedure Code, 1973 summons to produce documents may be issued to the person in whose possession they are ?

(a) Section 90 (b) Section 95

(c) Section 94 (d) Section 91

69. In which one of the following Sections of the Criminal Procedure Code, 1973 provisions relating to free legal aid has been provided ?

(a) Section 304 (b) Section 305

(c) Section 307 (d) Section 310

63. दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 की निम्न धाराओं में से किस धारा के अधीन यह उपबंध किया गया है कि "किसी व्यक्ति द्वारा किसी पुलिस अधिकारी के अन्वेषण के दौरान किया गया कोई कथन यदि लेखबद्ध किया गया है, तो कथन करने वाले व्यक्ति द्वारा हस्ताक्षरित नहीं किया जायेगा" ?

(a) धारा 164
(b) धारा 163
(c) धारा 162
(d) धारा 161

64. दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 की निम्न धाराओं में से किस धारा के अधीन किसी जमाव को तितर बितर करने के लिए सशस्त्र बल का प्रयोग किया जा सकता है ताकि लोक सुरक्षा बनाए रखा जाय ?

(a) धारा 132
(b) धारा 131
(c) धारा 129
(d) धारा 130

65. दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 की निम्न किस धारा के अधीन अभियुक्त को मजिस्ट्रेट द्वारा पुलिस रिपोर्ट तथा अन्य दस्तावेजों की प्रतिलिपि प्रदान की जाती है ?

(a) धारा 205
(b) धारा 209
(c) धारा 207
(d) धारा 208

66. सहायक सत्र न्यायाधीश की नियुक्ति की जाती है

(a) राज्य सरकार द्वारा
(b) राज्य लोक सेवा आयोग द्वारा
(c) सत्र न्यायालय द्वारा
(d) सम्बन्धित राज्य के उच्च न्यायालय द्वारा

67. दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 के अन्तर्गत असंज्ञेय अपराध की प्रकृति होती है

(a) जमानतीय और सामान्य
(b) जमानतीय और गम्भीर
(c) केवल गम्भीर प्रकृति के
(d) उपर्युक्त सभी

68. दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 की निम्न किस धारा के अन्तर्गत उन दस्तावेजों को प्रस्तुत करने के लिए जिनके कब्जे में वे हैं सम्मन जारी किया जाता है ?

(a) धारा 90 में
(b) धारा 95 में
(c) धारा 94 में
(d) धारा 91 में

69. दण्ड प्रक्रिया संहिता की निम्न किस धारा में नि:शुल्क विधिक सहायता का प्रावधान दिया गया है ?

(a) धारा 304 में
(b) धारा 305 में
(c) धारा 307 में
(d) धारा 310 में

70. Which one of the following Sections of Criminal Procedure Code, 1973 provides sentence of imprisonment by the Court of Magistrate in default of fine ?

(a) Section 30(1) (b) Section 31
(c) Section 32 (d) Section 34

71. Which one of the following Sections of Criminal Procedure Code, 1973 is applied when the officer in-charge of a police station receives any information that a person has committed suicide ?

(a) Section 154 (b) Section 174
(c) Section 147 (d) Section 181

72. Under which Section of the Code of Criminal Procedure a person who is avoiding execution of a warrant may be proclaimed absconder ?

(a) Section 81 (b) Section 83
(c) Section 82 (d) Section 84

73. "The Public Prosecutor or Assistant Public Prosecutor in-charge of a case may with the consent of the Court, at any time before the judgment is pronounced withdraw from the prosecution of any person either generally or in respect of any one or more of the offences for which he is tried." This is related with which of the following Sections of the Code of Criminal Procedure ?

(a) Section 323 (b) Section 322
(c) Section 321 (d) None of the above

74. Which one of the following is <u>not</u> correctly matched ?

(a) Conditional order for removal of nuisance – Section 133
(b) Procedure where existence of public right is denied – Section 137
(c) Dispute concerning right of use of land or water – Section 147
(d) Power to issue order in urgent cases of nuisance or apprehended danger – Section 145

75. Which one of the following Sections of Criminal Procedure Code, 1973 provides that a person once convicted or acquitted cannot be tried again for the same offence ?

(a) Section 298 (b) Section 299
(c) Section 300 (d) Section 301

**70.** दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 की निम्न किस धारा में जुर्माना देने में व्यतिक्रम होने पर मजिस्ट्रेट न्यायालय द्वारा कारावास के दण्डादेश की व्यवस्था करती है ?

(a) धारा 30(1) में
(b) धारा 31 में
(c) धारा 32 में
(d) धारा 34 में

**71.** दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 की निम्न कौन सी धारा लागू होगी जबकि पुलिस थाने का भार साधक अधिकारी यह सूचना पाता है कि किसी व्यक्ति ने आत्महत्या कर ली है ?

(a) धारा 154
(b) धारा 174
(c) धारा 147
(d) धारा 181

**72.** दण्ड प्रक्रिया संहिता की किस धारा के अधीन एक व्यक्ति जिसके विरुद्ध न्यायालय द्वारा जारी वारण्ट की तामील न होने पर फरार की उद्घोषणा की जा सकती है ?

(a) धारा 81
(b) धारा 83
(c) धारा 82
(d) धारा 84

**73.** "किसी मामले का भार साधक कोई लोक अभियोजक या सहायक लोक अभियोजक निर्णय सुनाए जाने के पूर्व किस समय किसी व्यक्ति के अभियोजन को या तो साधारणत: या उन अपराधों में से किसी एक या अधिक के बारे में, जिनके लिए उस व्यक्ति का विचारण किया जा रहा है, न्यायालय की सम्मति से वापस ले सकता है ।" यह दण्ड प्रक्रिया संहिता की निम्नलिखित में से किस धारा से सम्बंधित है ?

(a) धारा 323
(b) धारा 322
(c) धारा 321
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**74.** निम्नलिखित में से कौन सही सुमेलित नहीं है ?

(a) न्यूसेन्स हटाने के लिए सशर्त आदेश – धारा 133
(b) जहाँ लोक अधिकार के अस्तित्व से इन्कार किया जाता है वहाँ प्रक्रिया – धारा 137
(c) भूमि या जल के उपयोग के अधिकार से सम्बद्ध विवाद – धारा 147
(d) न्यूसेंस या आशंकित खतरे के अर्जेंट मामलों में आदेश जारी करने की शक्ति – धारा 145

**75.** दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 की कौन सी निम्न धारा यह उपबंधित करती है कि किसी व्यक्ति को जो एक बार दोषसिद्ध अथवा दोषमुक्त हो चुका है उसी अपराध के लिए दुबारा विचारित नहीं किया जा सकता है ?

(a) धारा 298
(b) धारा 299
(c) धारा 300
(d) धारा 301

76. Which one of the following Sections of Criminal Procedure Code, 1973 provides for joint trial of several offences ?

(a) Section 224
(b) Section 221
(c) Section 222
(d) Section 223

77. Which one of the following Sections is related to the appointment of Assistant Public Prosecutor under Criminal Procedure Code, 1973 ?

(a) Section 20
(b) Section 24
(c) Section 13
(d) Section 25

78. Which one of the following offence is triable summarily ?

(a) Wrongful restraint
(b) Abduction
(c) Mischief
(d) Offences not punishable with death, imprisonment for life or imprisonment for a term exceeding two years

79. Under which one of the Sections of Criminal Procedure Code, 1973 High Court's Power of Revision is provided ?

(a) Section 399
(b) Section 400
(c) Section 401
(d) Section 403

80. Under which one of the following Sections of Criminal Procedure Code, 1973 inherent powers can be exercised by the High Court ?

(a) Section 482
(b) Section 483
(c) Section 484
(d) Section 480

81. Under which of the following Sections of the Code of Criminal Procedure provides issue of commission for the examination of the President or the Vice President of India as a witness ?

(a) Section 286
(b) Section 284
(c) Section 287
(d) None of the above

**76.** दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 की निम्न कौन धारा कई व्यक्तियों के संयुक्त विचारण को प्रावधानित करती है ?

(a) धारा 224
(b) धारा 221
(c) धारा 222
(d) धारा 223

**77.** दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 की निम्न कौन धारा सहायक लोक अभियोजक की नियुक्ति से संबन्धित है ?

(a) धारा 20
(b) धारा 24
(c) धारा 13
(d) धारा 25

**78.** निम्नलिखित में से कौन सा अपराध संक्षिप्त रूप से विचारणीय है ?

(a) सदोष अवरोध
(b) अपहरण
(c) रिष्टी
(d) वे अपराध जो मृत्युदण्ड, आजीवन कारावास अथवा दो वर्ष की अवधि से अधिक के कारावास से दण्डनीय नहीं है ।

**79.** दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 की निम्न किस धारा में उच्च न्यायालय की पुनरीक्षण शक्ति बताई गई है ?

(a) धारा 399 में
(b) धारा 400 में
(c) धारा 401 में
(d) धारा 403 में

**80.** दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 की निम्न किस धारा में उच्च न्यायालय की अन्तर्निहित शक्तियों का प्रयोग किया जा सकता है ?

(a) धारा 482
(b) धारा 483
(c) धारा 484
(d) धारा 480

**81.** दण्ड प्रक्रिया संहिता के निम्नलिखित किस धारा के अन्तर्गत भारत के राष्ट्रपति या उप-राष्ट्रपतिं का साक्षी के रूप में परीक्षण करने के लिए कमीशन जारी करने का प्रावधान किया गया है ?

(a) धारा 286
(b) धारा 284
(c) धारा 287
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**82.** Which one of the following Sections of Criminal Procedure Code, 1973 is related to the prosecution for offences against marriage ?

(a) Section 198 (b) Section 199

(c) Section 196 (d) Section 197

**83.** Which one of the following Sections of Criminal Procedure Code, 1973 is related to "Interpretator is bound to interpret truthfully" ?

(a) Section 272 (b) Section 284

(c) Section 280 (d) Section 282

**84.** Under Criminal Procedure Code, 1973 the object of investigation is

(a) to arrest the accused

(b) to punish the accused

(c) to collect evidence against the accused

(d) none of the above

**85.** Under Criminal Procedure Code, 1973 a reference can be made to

(a) Supreme Court (b) High Court

(c) Session Court (d) High Court or Session Court

**86.** Under Section 18 of the Uttrakhand Police Act, 2007 who may appoint a Legal Advisor and a Financial Controller to assist and advise the Director General of Police on legal and financial matters respectively ?

(a) Director General of Police himself.

(b) Police Establishment Committee.

(c) On the recommendation of the Police Establishment Committee by the State Government.

(d) State Government.

**87.** Under which Section of the Uttrakhand Police Act, 2007 it is contained that it shall be the duty of every officer in-charge of a police station to keep a general diary ?

(a) Section 44 (b) Section 47

(c) Section 48 (d) Section 46

**82.** दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 की निम्न कौन सी धारा विवाह के विरुद्ध अपराध के अभियोजन से सम्बन्धित है ?

(a) धारा 198
(b) धारा 199
(c) धारा 196
(d) धारा 197

**83.** दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 की निम्न कौन सी धारा "दुभाषिया सत्यनिष्ठा (ठीक-ठीक) से भाषान्तर करने के लिए आबद्ध है" सम्बन्धित है ?

(a) धारा 272 से
(b) धारा 284 से
(c) धारा 280 से
(d) धारा 282 से

**84.** दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 के अन्तर्गत अन्वेषण का उद्देश्य है

(a) दोषी को गिरफ्तार करना ।
(b) दोषी को दण्डित करना ।
(c) दोषी के विरुद्ध साक्ष्य एकत्रित करना ।
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं ।

**85.** दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 के अन्तर्गत निर्देश किया जा सकता है

(a) उच्चतम न्यायालय को
(b) उच्च न्यायालय को
(c) सत्र न्यायालय को
(d) उच्च न्यायालय अथवा सत्र न्यायालय को

**86.** उत्तराखण्ड पुलिस अधिनियम, 2007 की धारा 18 के अन्तर्गत पुलिस महानिदेशक को कानूनी और वित्तीय मामलों में सलाह एवं सहायता के लिए एक कानूनी सलाहकार और एक वित्तीय नियंत्रक की नियुक्ति निम्नलिखित में से कौन कर सकता है ?

(a) पुलिस महानिदेशक स्वयं
(b) पुलिस स्थापना समिति
(c) पुलिस स्थापना समिति के अनुशंसा पर राज्य सरकार
(d) राज्य सरकार

**87.** उत्तराखण्ड पुलिस अधिनियम, 2007 की किस धारा में यह उपबंध है कि पुलिस थाने के प्रत्येक प्रभारी अधिकारी को एक सामान्य डायरी रखनी होगी ?

(a) धारा 44
(b) धारा 47
(c) धारा 48
(d) धारा 46

**88.** Who is authorised for overall administration of Public Force under the Uttrakhand Police Act, 2007 ?

(a) Inspector General of Police (b) Director General of Police

(c) Superintendent of Police (d) None of the above

**89.** Under the Uttrakhand Police Act, 2007, a Police Officer posted as an officer-in-charge of a police station, shall have a minimum term of

(a) Two years (b) One year

(c) Three years (d) Six months

**90.** Under which Section of the Uttrakhand Police Act, 2007, penalties for neglect of duty by police officer are given ?

(a) Section 85 (b) Section 88

(c) Section 86 (d) Section 87

**91.** Under the Uttrakhand Police Act, 2007, who creates police station ?

(a) Director General of Police (b) State Government

(c) High Court of the State (d) District Magistrate

**92.** The administration of Police District shall be vested in

(a) Superintendent of Police.

(b) Inspector General of Police.

(c) Deputy Inspector General of Police.

(d) Superintendent of Police under the general coordination and direction of the District Magistrate.

**93.** Who amongst the following may create a State Intelligence Department ?

(a) Legislature of the Uttar Pradesh (b) Director General of Police

(c) Inspector General of Police (d) State Government

**94.** Section 84 of the Uttrakhand Police Act, 2007, deals with

(a) Penalties for neglect of duty by Police Officer etc.

(b) Unauthorised use of Police uniform.

(c) Power to make Rules and Regulations.

(d) Offences of disorderly conduct.

**88.** उत्तराखण्ड पुलिस अधिनियम, 2007 के अन्तर्गत पुलिस बल पर प्रशासन के लिए कौन अधिकृत है ?

(a) पुलिस महानिरीक्षक
(b) पुलिस महानिदेशक
(c) पुलिस अधीक्षक
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**89.** उत्तराखण्ड पुलिस अधिनियम, 2007 के अन्तर्गत किसी थाने के प्रभारी अधिकारी के रूप में नियुक्त किसी पुलिस अधिकारी की न्यूनतम पदावधि कितनी होती है ?

(a) दो वर्ष
(b) एक वर्ष
(c) तीन वर्ष
(d) छह मास

**90.** उत्तराखण्ड पुलिस अधिनियम, 2007 की किस धारा में पुलिस अधिकारी द्वारा कर्त्तव्य की उपेक्षा के लिए शास्तियाँ दी गई हैं ?

(a) धारा 85
(b) धारा 88
(c) धारा 86
(d) धारा 87

**91.** उत्तराखण्ड पुलिस अधिनियम, 2007 के अधीन पुलिस थाना कौन सृजित करता है ?

(a) पुलिस महानिदेशक
(b) राज्य सरकार
(c) राज्य का उच्च न्यायालय
(d) जिला मजिस्ट्रेट

**92.** पुलिस जिले का प्रशासन निहित होता है

(a) पुलिस अधीक्षक में ।
(b) पुलिस महानिरीक्षक में ।
(c) उप-पुलिस महानिरीक्षक में ।
(d) जिला मजिस्ट्रेट के सामान्य समन्वय और निदेशन के अधीन पुलिस अधीक्षक में ।

**93.** निम्नलिखित में से कौन राज्य आसूचना विभाग सृजित कर सकता है ?

(a) उत्तर प्रदेश की विधायिका
(b) पुलिस महानिदेशक
(c) पुलिस महानिरीक्षक
(d) राज्य सरकार

**94.** उत्तराखण्ड पुलिस अधिनियम, 2007 की धारा 84 किससे संबंधित है ?

(a) पुलिस अधिकारी इत्यादि द्वारा कर्त्तव्य की उपेक्षा के लिए शास्तियाँ ।
(b) पुलिस वर्दी का अनधिकृत प्रयोग ।
(c) नियम और विनियम बनाने की शक्ति ।
(d) उच्छृंखल व्यवहार के अपराध ।

**95.** Which of the following punishments may be awarded as disciplinary penalties under Section 23 of the Uttrakhand Police Act, 2007 ?

1. Dismissal
2. Removal from service
3. Reduction in salary
4. Withholding promotion

Select the correct answer with the help of the codes given below :

**Codes :**

(a) 1, 2 and 3 (b) 1, 3 and 4

(c) 1, 2 and 4 (d) 1, 2, 3 and 4

**96.** Section 31 of Uttrakhand Police Act, 2007 contains

(a) Terms and privileges of Independent Members.

(b) Removal of Independent Members.

(c) Selection of Independent Members of the State Police Board.

(d) Composition of the Board.

**97.** Under which Section of the Uttrakhand Police Act, 2007 police officer is mandated not to withdraw himself from duties of his office ?

(a) Section 44 (b) Section 42

(c) Section 45 (d) Section 31

**98.** "A senior police officer may perform any duty assigned by law or by a lawful order to any officer subordinate to him." This has been provided in which of the following Sections of the Uttrakhand Police Act, 2007 ?

(a) Section 30 (b) Section 38

(c) Section 40 (d) Section 41

**99.** Under the Uttrakhand Police Act, 2007 to whom appeal lies against the punishment given by the Director General of Police ?

(a) Police Establishment Committee (b) State Government

(c) Home Minister of the State (d) High Court

**100.** Who shall prescribe an insurance coverage for all police officers against injury, disability or death caused while on duty ?

(a) Police Establishment Committee (b) Police Welfare Bureau

(c) Director General of Police (d) State Government

---

**95.** उत्तराखण्ड पुलिस अधिनियम, 2007 के अन्तर्गत धारा 23 में निम्नलिखित में से कौन से अनुशासनिक दंड दिए जा सकते हैं ?

1. पदच्युति
2. सेवा से हटाना
3. वेतन में कटौती
4. पदोन्नति रोकना

नीचे दिए कूट की सहायता से सही उत्तर चुनिए :

**कूट :**

(a) 1, 2 और 3
(b) 1, 3 और 4
(c) 1, 2 और 4
(d) 1, 2, 3 और 4

**96.** उत्तराखण्ड पुलिस अधिनियम, 2007 की धारा 31 में उपबंधित है

(a) स्वतंत्र सदस्यों का कार्यकाल और विशेषाधिकार ।
(b) स्वतंत्र सदस्यों का हटाया जाना ।
(c) राज्य की पुलिस परिषद् (बोर्ड) के स्वतंत्र सदस्यों का चयन ।
(d) परिषद् (बोर्ड) की संरचना ।

**97.** उत्तराखण्ड पुलिस अधिनियम, 2007 की किस धारा के अन्तर्गत पुलिस अधिकारी को स्वयं कर्त्तव्य से प्रत्याहृत नहीं होने का आदेश है ?

(a) धारा 44
(b) धारा 42
(c) धारा 45
(d) धारा 31

**98.** "एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी अपने किसी अधिनस्थ अधिकारी के किसी कर्त्तव्य को, जो उसे विधि द्वारा या किसी विधिपूर्ण आदेश द्वारा उसे विहित किया गया है, सम्पादन कर सकता है ।" यह उत्तराखण्ड पुलिस अधिनियम, 2007 के अन्तर्गत निम्नलिखित किस धारा में उपबन्धित है ?

(a) धारा 30
(b) धारा 38
(c) धारा 40
(d) धारा 41

**99.** उत्तराखण्ड पुलिस अधिनियम, 2007 के अन्तर्गत पुलिस महानिदेशक द्वारा दिए गए दंड के विरुद्ध कहाँ अपील की जाती है ?

(a) पुलिस स्थापन समिति को
(b) राज्य सरकार को
(c) राज्य के गृहमंत्री को
(d) उच्च न्यायालय को

**100.** कर्त्तव्य पर तैनात सभी पुलिस अधिकारियों को हुई उपहति निःशक्तता या मृत्यु के बीमा सुरक्षा का लाभ कौन विहित करेगा ?

(a) पुलिस स्थापन समिति
(b) पुलिस कल्याण ब्यूरो
(c) पुलिस महानिदेशक
(d) राज्य सरकार